# खास-खबरें

## जन्माष्टमी पर किसानों ने किया अनोखा डांडिया नृत्य, पुरानी संस्कृति को किया जीवंत



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ग्राम चंदेरी एवं रामखेड़ी के किसानों ने किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में अपनी पुरानी लोक संस्कृति और परंपरा को जीवंत करते हुए अनोखे अंदाज में डांडिया नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी स्थित औद्योगिक क्षेत्र बढ़ियाखेड़ी में आगमन के अवसर पर किसानों ने उनके सम्मान में ढोल-नगाड़ों और ढोलक की थाप पर पारंपरिक डांडिया नृत्य किया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं किसानों ने पारंपरिक लोकगीत और लहंगी गीत गाते हुए कृष्ण भक्ति के गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रिमझिम बारिश के बीच जब ढोल-नगाड़ों की गूंज और लोकगीतों की मधुर आवाज सुनाई दी तो कार्यक्रम का नजारा देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में ग्रामीण और आमजन इस अनोखे सांस्कृतिक आयोजन को देखने के लिए एकत्रित हुए। किसानों द्वारा अपनी वर्षों पुरानी संस्कृति और परंपरा को इस तरह जीवंत देखकर लोग भी आश्चर्यचकित नजर आए। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर जन्माष्टमी का पर्व मनाया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सम्मान में लकड़ी का हल भेंट किया।

## नकबजनी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** देहात थाना पुलिस ने नकबजनी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और 72 हजार रुपये नकद सहित करीब तीन लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रोहित कुशवाहा, आसिफ खान और विशाल अहिरवार को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के पास से चोरी किए गए सोने एवं चांदी के आभूषणों के साथ नकद राशि भी जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मामले की जांच और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम ने सक्रियता से कार्रवाई की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## भादो मास की पहली झड़ी, जन्माष्टमी पर तरबतर हो रहा शहर



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में मानसून की मेहरबानी एक बार फिर देखने को मिल रही है। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को सीहोर शहर में भादो मास की पहली झड़ी लग गई। सुबह से ही शुरू हुआ रिमझिम और तेज बारिश का दौर जारी है, जिससे मौसम सुहावना हो गया। बारिश के आंकड़ों के लिहाज से सीहोर शहर पूरे जिले में टॉप स्थान पर बना हुआ है। आंकड़ों के अनुसार सीहोर-आष्टा क्षेत्र में इस बार पिछले साल की तुलना में बेहतर बारिश दर्ज की गई है, जबकि जिले के अन्य ब्लॉक बारिश के मामले में अभी पीछे हैं।

## बिजली काटने की धमकी देकर साइबर ठगों ने बुजुर्ग को फंसाया, खाते-क्रेडिट कार्ड से 4.53 लाख उड़ाए

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** साइबर ठगों ने अब बिजली बिल के नाम पर लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। सीहोर के वैशाली नगर निवासी 67 वर्षीय अनिल कुमार जैन के साथ कथित तौर पर इसी तरह की साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ठग ने बिजली बिल अपडेट नहीं होने और कनेक्शन काटने का डर दिखाकर उन्हें बातचीत में उलझाया और इसके बाद बैंक खातों तथा क्रेडिट कार्ड से कुल 4 लाख 53 हजार 537.30 रुपए के अनाधिकृत लेनदेन का आरोप है। शिकायत मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले बिजली बिल का किया भुगतान?:शिकायत के अनुसार अनिल कुमार जैन ने 1 सितंबर 2026 को सुबह करीब 11:19 बजे अपने बिजली कनेक्शन नंबर का बिल ऑनलाइन भुगतान किया था। भुगतान के करीब एक घंटे बाद दोपहर लगभग 12:03 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम हरेंद्र कुमार बताया। बिल अपडेट नहीं हुआ, बिजली कट जाएगी :आरोप है कि कॉल करने वाले ने बुजुर्ग से कहा कि उन्होंने अभी बिजली बिल का भुगतान किया है, लेकिन बिल अपडेट नहीं हुआ है। इसी आधार पर उन्हें बिजली कनेक्शन काटे जाने की बात कहकर डराया गया। ठग ने कहा कि वह व्हाट्सऐप पर बिल अपडेट करने की फाइल भेज रहा है और फोन पर पूरी प्रक्रिया बताता जाएगा।

## 112 वाहन पर पलटा केले से भरा आयशर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** रोड किनारे खड़े डायल 112 वाहन पर केले से भरा आयशर वाहन पलट गया। इस घटना में 112 का चालक घायल हो गया।



जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9.40 बजे शुजालपुर जेठड़ा जोड़ पर एक अनियंत्रित केले से भरा वाहन सड़क किनारे खड़े डायल 112 वाहन पर पलट गया। घटना के दौरान 112 वाहन में पायलेट इकबाल मौजूद थे जिससे उन्हे घायल होने पर उपचार हेतु शुजालपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बारिश में भी नहीं थमा कृष्णभक्तों का उत्साह, जयकारों के बीच निकली रथयात्रा







**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** जन्माष्टमी के महापर्व पर शुक्रवार को नगर में आस्था और भक्ति का विराट नजारा देखने को मिला। लगातार बारिश के बावजूद कृष्णभक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। जय श्रीकृष्ण के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

विशाल चल समारोह गांधी चौक मंदिर से शुरू हुआ। शोभायात्रा में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मूसलाधार बारिश के बीच बच्चे, युवा और बुजुर्ग पूरे उत्साह के साथ रथयात्रा में शामिल होकर भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आए। बारिश की तेज बौछारें भी श्रद्धालुओं के कदम नहीं रोक सकीं। भीगते हुए श्रद्धालु तालियां बजाते और जयकारे लगाते हुए यात्रा के साथ चलते रहे। मार्ग में अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। यूनियन जर्नलिस्ट की ओर से भी शीतला माता मंदिर परिसर के समीप यात्रा का स्वागत किया गया। भारी बारिश और बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। यातायात व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल विभिन्न स्थानों पर तैनात रहा। अधिकारियों और जवानों ने जलभराव तथा भीड़ के बीच व्यवस्थाएं संभालीं। भव्य रथयात्रा का समापन स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर हुआ। बारिश के बीच निकली इस शोभायात्रा ने नगर में कृष्णभक्ति और श्रद्धा का अनूठा दृश्य प्रस्तुत किया।

# पावर ट्रांसफॉर्मर यूनिट का पहला रोल-आउट, यहां 1200 केवी तक ट्रांसफॉर्मर बनेंगे : मुख्यमंत्री



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार सीहोर के बढ़िया खेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया क्रम्पटन ग्रीव्स इंडस्ट्री पहुंचे। उन्होंने सीजी क्रॉम्पटन एंड ग्रीव्स पॉवर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली इकाई के पहले ट्रांसफॉर्मर का रोल-आउट किया। यह इकाई करीब 50 एकड़ में फैली है। यह एक ही जगह पर स्थित भारत की सबसे बड़ी पॉवर ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली सुविधा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश अब केवल निवेश प्रस्तावों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर बड़े उद्योगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार से जोड़ रहा है। उन्होंने बताया कि महज 13 से 14 महीने के रिकॉर्ड समय में इस संयंत्र का निर्माण पूरा कर उत्पादन शुरू किया गया है, जो राज्य की तीव्र औद्योगिक प्रगति का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीहोर में निर्मित यह संयंत्र न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा। इस इकाई में 220 केवी से लेकर 1200 केवी तक के अति-उच्च क्षमता वाले पावर ट्रांसफॉर्मर तैयार किए जाएंगे। संयंत्र की उत्पादन क्षमता प्रतिमाह 35 पावर ट्रांसफॉर्मर तैयार करने की होगी। यहां बनने वाले ट्रांसफॉर्मर देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में भी निर्यात किए जाएंगे। यहां बने ट्रांसफॉर्मर देश के अलग-अलग हिस्सों के साथ-साथ दुनिया के बाजारों तक भी पहुंचेंगे। इन ट्रांसफॉर्मर का उपयोग बिजली, डेटा सेंटर, रेलवे, रिन्यूएबल एनर्जी, तेल और गैस जैसी परियोजनाओं में होगा। सीजी की इस इकाई से सीहोर में 2000 से ज्यादा लोगों को सीधे नौकरी मिलेगी।

**सीजी परिवार को दी बधाईः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते समय में क्षेत्र के अंदर बड़े पैमाने पर सकारात्मक बदलाव आए हैं और कई प्रकार के अभूतपूर्व विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सीजी परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था और आयोजनकर्ताओं ने अपने कार्यों से लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने मंच से ऊर्जा से उन्नति की ओर के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए बधाई दी।

**उज्जैन और महाकाल का जिक्रः** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा मैं बाबा महाकाल की नगरी से आता हूं। यहां भोले शंभू को भव्य रूप में विराजित कराया है। इसके साथ ही उन्होंने मंच से जय बोले महाकाल महाराज की जैसे जयकारे लगवाए, जिससे पूरा पांडाल भक्तिमय हो उठा। मुख्यमंत्री ने धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा महाकाल के दर्शन के साथ-साथ साक्षी गोपाल के महत्व और आशीर्वाद का भी अपना विशेष स्थान है। उन्होंने शिवाय नमः और विष्णवे नमः का स्मरण कराते हुए कहा कि विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### रोजगार और औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार

सीएम डॉ. यादव ने बताया कि इस मेगा प्रोजेक्ट के शुरू होने से क्षेत्र के 2000 से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इससे लॉजिस्टिक्स, सप्लाई, मेंटेनेंस और स्थानीय छोटे व्यवसायों को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय सहित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों और सीजी पावर के उच्च अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## कन्हैया की भक्ति और सांस्कृतिक रंगों में सराबोर हुआ पीएमश्री विद्यालय



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** पीएमश्री शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय भैरूंदा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार को श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में भजन, झांकियों, मटकी फोड़ प्रतियोगिता और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों व अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवा भारती भैरूंदा के अध्यक्ष विजयेन्द्र शर्मा तथा विशिष्ट अतिथियों जनपद शिक्षा केंद्र के बीआरसीसी विजय पंवार, बीएसी बी.एस. कीर और शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनोद मेहरा ने मां सरस्वती एवं भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। कक्षा आठवीं की छात्रा पलक सोनी और साथियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। भजन प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं की छात्रा रागिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विनोद मेहरा और संगीत शिक्षक मयंक नागवे द्वारा प्रस्तुत कृष्ण भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं की अवनी यादव और कक्षा तीसरी के अल्फेज खान विजेता रहे। नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण बालस्वरूप झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। नर्सरी के छात्र जीशान खान ने कृष्ण स्वरूप में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। बीआरसीसी विजय पंवार ने विद्यार्थियों से भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोग और जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पर सवाल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** नगर में बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता खिलाड़ियों के प्रदर्शन के साथ-साथ आयोजन व्यवस्था को लेकर भी चर्चा में रही। प्रतियोगिता की सूचना क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों तक नहीं पहुंचने के मामले ने सवाल खड़े कर दिए हैं। केंद्रीय मंत्री के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान और क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव को कार्यक्रम की जानकारी बाद में मिलने की बात सामने आई है।

जानकारी मिलने पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने आयोजन स्थल पर पहुंचने के बजाय सड़क पर ही प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

बताया जा रहा है कि विधायक रमाकांत भार्गव ने कार्यक्रम की पूर्व सूचना नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी भी जताई। इसके बाद भाजपा नेताओं के बीच आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा शुरू हो गई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को विधिवत आमंत्रित नहीं किए जाने को लेकर आयोजन समिति और जिला स्तर की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्रतियोगिता से जुड़े लोगों को क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के संभावित आगमन की जानकारी थी, लेकिन उन्हें औपचारिक रूप से आमंत्रित नहीं किया गया।

# पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय विदिशा में धूमधाम से संपन्न हुआ विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह






**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** स्थानीय पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में जारी शैक्षणिक सत्र हेतु नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद का अलंकरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गीता भदौरिया द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

समारोह में नवनिर्वाचित स्कूल कैप्टन, वाइस स्कूल कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, सांस्कृतिक सचिव तथा चारों सदनों (रमन, टैगोर, अशोक, शिवाजी) के कप्तानों एवं प्रिफेक्ट्स को बैज तथा सैश पहनाकर अलंकृत किया गया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थी पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और विद्यालय की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती गीता भदौरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद विद्यालय के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### 12 घंटे में हत्या का खुलासा

## पत्नी से संबंध के संदेह में युवक की जान लेने का आरोप



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** थाना क्षेत्र के भूराखेड़ा गांव के समीप अंबर नदी किनारे युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में विनोद बारेला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को मृतक के अपनी पत्नी से संबंध होने का संदेह था, जिसके चलते उसने युवक के सिर पर पत्थर से वार कर दिया।

पुलिस के मुताबिक 3 सितंबर को अंबर नदी के पास एक युवक के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान मुकेश उर्फ पप्पू बारेला के रूप में की। मृतक के भाई संतोष बारेला की शिकायत पर भैरूंदा थाने में अपराध क्रमांक 508/26 दर्ज कर बीएनएस की धारा 103(1) के तहत प्रकरण कायम किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए सीहोर पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन और एसडीओपी रोशन कुमार जैन के पर्यवेक्षण में पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी और पुलिस टीम ने जांच के दौरान विनोद बारेला निवासी खामखेड़ा, हाल निवासी भूराखेड़ा को हिरासत में लिया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित होंगी मंदसौर की डॉ. उर्मिला तोमर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** शिक्षक दिवस के अवसर पर मंदसौर की शिक्षाविद् डॉ. उर्मिला तोमर को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 5 सितंबर को इटारसी में आयोजित विपिन जोशी स्मारक समिति के 42वें राष्ट्रीय सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। सार्थक संस्था की मीडिया प्रभारी श्रीमती बबीता भट्ट ने बताया कि समारोह में देशभर से चयनित 40 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. उर्मिला तोमर शिक्षा जगत में अपने अनुशासन और न्यायप्रिय प्रशासनिक कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं।

## गैर की थाप और डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु जयकारों के बीच निकली शोभायात्रा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** गैर मंडली की थाप, डीजे की धुन और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के बीच शुक्रवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री राधाकृष्ण मंच समिति के 20वें जन्माष्टमी महोत्सव के तहत यादव-अहीर समाज की ओर से आयोजित चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

राधाकृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चों ने शोभायात्रा को विशेष आकर्षण दिया। फूलों से सजी दो बग्गियां और घोड़े भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। नगरवासियों ने यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और राधाकृष्ण के स्वरूपों की आरती उतारी।

शोभायात्रा की शुरुआत वीवीएम विद्यालय परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद यात्रा सीहोर नाका, तलाई मोहल्ला, इंदौर रोड, दुर्गा मंदिर चौराहा, जेपी मार्केट, रॉयल मार्केट और बंगाली चौराहा से होते हुए मिलन मैरिज गार्डन पहुंची। मार्ग में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# मंदसौर के दो शिक्षकों को मिलेगा राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार





**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** शिक्षक दिवस के अवसर पर इस वर्ष मंदसौर जिले के लिए विशेष उपलब्धि सामने आई है। जिले के दो शिक्षकों का चयन राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। दोनों शिक्षकों को शुक्रवार को भोपाल में राज्यपाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा। मल्हारगढ़ ब्लाक के ग्राम चीताखेड़ी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक राकेश कुमार गुप्ता को उनके शैक्षणिक नवाचारों के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। वे लंबे समय से बच्चों को गायन, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उनके नवाचारों से विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ी है और वे बच्चों के बीच लोकप्रिय बने हुए हैं।

वहीं झारड़ा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक मुकेश कुमार प्रजापति का चयन भी राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से लगातार संपर्क बनाए रखा। बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने के साथ उनके सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया।

इन प्रयासों का परिणाम विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के रूप में सामने आया। दोनों शिक्षकों की उपलब्धि से शिक्षा जगत में खुशी का माहौल है। साथी शिक्षकों और ग्रामीणों ने इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बताते हुए दोनों शिक्षकों को बधाई दी है। शिक्षक दिवस पर मिलने वाला यह राज्य स्तरीय सम्मान जिले के अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायक माना जा रहा है।